## महत्वपूर्ण एवं खास

### एसईसीएल बरौद कॉलोनी के दो सूने मकान में चोरी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना घरघोड़ा अर्न्तगत एस.ई.सी.एल. बारौद कालोनी के शासकीय आवास क्वा. नं. बी/10 एवं बी/13 में निवासरत परिवार छुट्टि यों में बाहर गये हुये थे कि दिनांक 26-27.12.2019 की रात्रि दोनों मकानों में नकबजनी की घटना अज्ञात आरोपियों द्वारा की गई है। शासकीय आवास क्वा. नं. बी/13 में निवासरत जितेन्द्र कुमार पातरे के घर से अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन करीब 60 हजार रूपये के तथा बी/10 में रहने वाले दीपक कुमार बंजारे के सुने मकान से लगभग 80 हजार रूपये के जेवरात चोर चोरी कर ले गया है। चोरी की रिपोर्ट पर क्रमशः अप.क्र. 242,243/19 धारा 457,380 भादंवि अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### अंतर्राज्यीय पत्थर गिरोह का फरार और एक सदस्य गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर जिले में सूने मकानों में चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय पत्थर गिरोह के फरार और एक सदस्य को राजधानी पुलिस ने मध्यप्रदेश के अलीराजपुर से गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी करने वाले पत्थर गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने अलीराजपुर जिले से गिरफ्तार किया, वहीं गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही थी। फरार गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर आरिफ एच शेख ने एक टीम मध्यप्रदेश के अलीराजपुर रवाना की थी। टीम ने अलीराजपुर में गिरोह के एक अन्य सदस्य को भी गिरफ्तार किया है। टीम द्वारा मध्यप्रदेश के अलीराजपुर जिले के बोरी थाना क्षेत्र के लगभग 10 दिन तक कैंप किया। इस दौरान आरोपियों एवं उनके परिजनों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी, जिससे एक फरार आरोपी बेगम वेस्ता (42) ग्राम झाई निवासी को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। इस तरह गिरोह के अब 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### मुख्यमंत्री आज नवागढ़ में बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह में होंगे शामिल

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार 30 दिसम्बर को बेमेतरा जिले के तहसील मुख्यालय नवागढ़ में आयोजित बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 1.30 बजे पुलिस परेड ग्राऊण्ड रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दो बजे नवागढ़ पहुंचेंगे। जहां वे शासकीय हायर सेकण्ड्री स्कूल मैदान में आयोजित गुरू घासीदास जयंती समारोह होने के बाद अपरान्ह 3.30 बजे रायपुर लौट आएंगे। मुख्यमंत्री शाम साढे छह बजे भिलाई के हाऊसिंग बोर्ड वार्ड -26 में क्रिकेट स्टेडियम के लोकार्पण पश्चात् रात्रि 8 बजे मुख्यमंत्री निवास के लिए प्रस्थान करेंगे।

### ट्रेक्टर पलटा, बाल बाल बचे लोग

**गरियाबंद (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर ट्रेक्टर के पलटने से सर्किट हाउस का दीवाल क्षतिग्रस्त हो गया ,जिसमे मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह एक ट्रैक्टर गरियाबंद से डोंगरिगाव ग्राम जा रहा था उसी दौरान स्थानीय सर्किट हाउस के पास ट्रेक्टर का एक चक्का जाम हो जाने से ट्रेक्टर सर्किट हाइस के दीवाल को तोड़ते हुए पलट गया ,घटना के वक्त ट्रेक्टर में 4 से 5 लोग सवार थे जो मौका रहते ट्रेक्टर से कूद गए जिन्हें मामूली चोट लगी। घटना का रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कर विवेचना किया जा रहा है।

### समूचा अंचल शीतलहर की चपेट में, लोग ठंड से बचने अलाव का सहारा ले रहे

**गरियाबंद (आरएनएस)।** अंचल में चल रहे शीतलहर के चलते ठिठुरन काफी बढ़ गई है ।ठंडी हवा से बचने के लिए लोगों को दिन में भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है जबकि रात में घर से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है। गौरतलब है कि ठंड के मौसम में आमतौर पर दिसंबर का महीना सबसे अधिक ठंडी वाला माना जाता है ।इसके साथ ही बाईट कुछ दिनों पूर्व मौसम का रुख बदला जिसके चलते जिला के कई जगह में पानी भी गिरा ।

# मारपीट से आई चोट में इलाज दौरान अधेड़ व्यक्ति का निधन, घरघोड़ा थाना क्षेत्र की घटना

**घरघोड़ा पुलिस ने मारपीट करने वाले दो सगे भाइयों पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर किया गिरफ्तार**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम खोखराआमा रहने वाले निरंजन माझी पिता महेश राम मांझी उम्र 20 वर्ष तथा उसका भाई निर्मल मांझी पिता महेश मांझी उम्र 23 वर्ष दिनांक 22.12.2019 की रात लगभग 10:30 बजे मोहल्ले में केशव जायसवाल के घर के सामने शराब पीकर लड़ झगड़ रहे जिन्हें लड़ते झगड़ते देख वहां रहने वाले महेत्तर मांझी (56 साल) मना करने गया तो दोनों भाई आपस में लड़ना छोड़ महेत्तर मांझी से झगड़ा विवाद करने लगे और निर्मल मांझी लोहे की छड़ से तथा निरंजन मांझी हाथ मुक्के से महेत्तर मांझी को मारपीट करने लगे जिसे देख बीच-बचाव करने महेत्तर मांझी का लड़का चंद्रमणि मांझी गया तो दोनों भाई महेत्तर को वहीं छोड़ भाग गए। महेत्तर मांझी बेहोश था जिसे घर के लोग घर लेकर आये। दूसरे दिन दिनांक 23.12.19 को घरवालों ने डायल 112 को सूचना देकर ईआरवी वाहन से आहत महेत्तर मांझी को सीएचसी घरघोड़ा में भर्ती कराए। सीएचसी घरघोड़ा से डॉक्टर द्वारा आहत को रायगढ़ रिफर करने पर परिजन केजीएच अस्पताल में भर्ती किए थे , जहां दिनांक 28.12.19 के सुबह 10:00 बजे महेत्तर मांझी का निधन हो गया। घटना के संबंध में आज दिनांक 29.12.19 को थाना घरघोड़ा में मृतक की पत्नी बहतरीन मांझी के रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 244/19 धारा 302, 34 भादवि का अपराध निर्मल मांझी एवं निरंजन मांझी के विरुद्ध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर किया गया है।

## एसईसीएल कर्मी का तालाब में मिला शव

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सतनामी पारा वार्ड क्रमांक 04 में रहने वाली श्रीमती शांति कोल पति स्वर्गीय कोमल कोल उम्र 30 वर्ष निवासी लालपुर थाना बुढार जिला शहडोल (मध्य प्रदेश) द्वारा दिनांक 28.12.2019 के सुबह उसके पति कोमल कोल उम्र 32 वर्ष का शव भोठेमुड़ा तालाब सतनामी पारा घरघोड़ा के पास मिलने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सूचनाकर्ता बताई की इसका पति मृतक एसईसीएल बरौद में नौकरी करता था। प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे स्टॉफ बस में बैठकर ड्यूटी जाता और शाम 4:00 बजे तक वापस आ जाता था। प्रतिदिन की तरह दिनांक 27.12.2019 के सुबह 6:00 बजे बरौद काम में जाने के लिए निकला था परन्तु 04 बजे शाम तक नहीं आया तब रात 8:00 बजे उसके मोबाइल पर फोन लगाई तो बताया कि कंचनपुर आसपास पहुंचा हू थोड़ी देर में पहुंच जाऊंगा किन्तु रात्रि करीब 09 बजे तक नहीं पहुंता तो फिर शांति कोल अपने पति के मोबाइल में फोन लगाई तो मोबाइल बंद बताया।

रात में कोमल कोल घर नहीं पहुंचा, सुबेरे गांव वालों ने बताया कि एक आदमी का भोठेमुड़ा तालाब पर पड़ा है तब जाकर दिखी तो इसके पति का था जिसके सिर, भाव, नाक, मुंह में चोट था इसे शंका है कि इसके पति के साथ मारपीट किया गया है। घटना के संबंध में थाना घरघोड़ा में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही बाद शव का पीएम कराया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट अप्राप्त है। प्राप्ति उपरांत अग्रिम विधि अनुरूप कार्यवाही की जावेगी।

## नवीन वायरलेस टावर स्थापना हेतु भूमि पूजन



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में जिला मुख्यालय में नवीन वायरलेस टावर (120 फिट) को पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में स्थापित किया जा रहा है, जिसे स्थापित करने टेक्नीशियन रंजीत शर्मा(दिल्ली) रायगढ़ प्रवास पर है।

आज दिनांक 29.12.19 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कुमार मिंज द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में टावर स्थल का भूमि पूजन किया गया।

पूर्व में लगा वायरलेस टावर 60 फीट का है जो प्रभावशील नहीं होने से पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा किए गए लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप पुलिस मुख्यालय द्वारा स्वीकृति मिलने पश्चात आज नवीन वायरलेस टावर 120 फीट स्थापित करने भूमि पूजन किया गया जो कार्य पूर्ण लगभग एक माह के अंदर संपादित कर दिया जावेगा। इस दौरान रायगढ़ के रेडियो उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह, प्रभारी पुलिस कन्ट्रोल रूम सहायक उपनिरीक्षक प्रेमसाय भगत,

आरक्षक ओमप्रकाश कर्ष थाना यातायात उपस्थिति थे।

## निराश दिव्यांगजनो के जीवन मे लौट रही खुशियाँ

**» बनोरा के निःशुल्क शिविर से मिल रहा लगातार लाभ**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** दिव्यांगता जीवन का अभिशाप नही है बल्कि बनोरा की प्रयोगशाला ने इसे वरदान बनाया है। सात दिनों तक चलने वाले इस निःशुल्क कैलिपर्स शिविर से आसपास के राज्यो सहित अंचल के दिव्यांगजनो को लाभ मिल रहा है।

अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा क्षेत्र वासियो के लिए अध्यात्म का मार्ग दिखाने का माध्यम है। यहाँ की आध्यत्मिक शक्ति का प्रभाव है कि शारीरिक रूप से अक्षम निराश लोगो को जीवन जीने की नई राह दिख रही है। यह शिविर दिव्यांग जनों के जीवन मे खुशियो के रंग भर रहा है। निरन्तर पांच वर्षों से होने वाले सात दिवसीय निःशुल्क आयोजन का लाभ प्रदेश भर के दिव्यांगजनो को हो रहा है । दिव्यांग जन कृत्रिम अंग व कैलिपर्स के लिए बनोरा शिविर के आयोजन के दौरान यहां आकर लाभांवित हो रहें है। 24 दिसम्बर से प्रारंभ शिविर का 30 दिसंबर को अपरान्ह विधिवत समापन होगा। शिविर में आये दिव्यांगजनो ने चर्चा के दौरान बताया कि यह शिविर उनके लिए नवजीवन का संदेश है। आर्थिक परेशानियां अज्ञानता व साधनों की कमी की वजह से क्षेत्र के दिव्यांगजन कठिन जीवन जीने के लिए विवश थे।

कृत्रिम अंगों व कैलिपर्स के इलाज की सबसे बेहतर की सुविधा पूरे देश मे केवल जयपुर में ही है। लेकिन आवागमन की असुविधा के साथ खर्चीला इलाज होने की वजह दिव्यांगजन इसके इलाज से वंचित थे। शरीर के वजन कम ज्यादा होने का असर भी कैलिपर्स व कृत्रिम अंगों पर पड़ता है इसके सतत सुधार की आवश्यकता होती है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांगजन बार बार इसके सुधार के लिए नही जा पाते। लेकिन बनोरा में हर साल आयोजित होने वाले शिविर में उन्हें सुधार की सुविधा आसानी से हासिल हो जाती है। बनोरा में शिविर के आयोजन से दिव्यांगजनो की न केवल जयपुर आवागमन के जंजाल से मुक्ति मिली। अपितु बार बार सुधरवाने की सुविधा शिविर के जरिये हासिल हो रही है। जयपुर के चिकित्सक डा ओम प्रकाश जांगिड़ ने चर्चा के दौरान बताया इतना बड़ा आयोजन कर पाना कठिन है। जयपुर की सुबिधा यहां हासिल हो रही है। शारीरिक विकलांगता से निराश होने की जरूरत नही है। इसे भगवान का श्राप मानने की मानसिकता छोड़नी होगी। आज की टेक्नालजी ने कृत्रिम अंगों के निर्माण को बहुत सुविधाजनक बनाया है। कृत्रिम अंग व कैलिपर्स में उपयोग का सही तरीका अन्य बीमारियों की सम्भवना से भी बचाता है।

**दिव्यांगो का कहना–**

शिविर में आये राजेश उरांव ने बताया कि खरसिया के पास राईस मिल में 6 साल पहले काम करने के दौरान बॉयलर ब्रस्ट होने से स्थाई रूप से अंग भंग हो गया लेकिन शिविर की जानकारी होने पर यहां आया और उसे लाभ मिल रहा है। वही धरमजयगढ़ के पौड़ी निवासी शिक्षक केशव प्रसाद ठाकुर पेशे से शिक्षक है। सुगर की वजह से पैर काटना पड़ा यहां शिविर में कृत्रिम अंग दिया जा रहा है। वही 2010 में जयराम भगत डोलनारा ने स्पंज आयरन उद्योग में दुर्घटना के दौरान हादसे में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था लेकिन शिविर में उसकी खुशिया लौट गई।








## सागौन चिरान की तस्करी करते 2 पकड़ाये

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जगदलपुर वन मंडल के अंतर्गत दरभा के कोलेंग वन क्षेत्र में वनमंडल के कर्मियों के द्वारा पिकअप वाहन से सागौन की लकड़ी की तस्करी करते आरोपियों का पीछा कर दो आरोपियों सहित पिकअप वाहन में रखे सागौन पकड़ने में सफलता पाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दरभा के कोलेंग वन क्षेत्र में वन विभाग को मिली सूचना के आधार पर पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04, 4530 में 46 नग कीमती सागौन चिरान लकड़ी का परिवहन कर ले जाया जा रहा था। जिसे रोककर पतासाजी करने पर सागौन का लकड़ी का तस्करी कर ले जाते हुए आरोपी सुरेश बघेल एवं सुकदास को पकड़ा गया है। वन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए पिकअप वाहन को राजसात कर लिया गया है और आगे की विधि अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

## सर्चिंग पर निकले जवानों को घायल अवस्था में हिरण



**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के पामालवाया के जंगलों में सर्चिंग पर निकले जवानों को घायल हिरण का शावक मिला। जिसे सहायक कमांडेंट मनीर खान एवं उनके साथियों ने घायल हिरण के शावक को पकड़कर वन विभाग को समूचित इलाज के साथ पुनः जंगल में छोड़ने के लिए सौंप दिया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र की भौगोलिक संरचना पहाड़ों और जंगलों से आच्छादित होने से जंगलों में रहने वाले जंगली जानवरों से जवानों का सामना होता रहता है।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480